# GOVERNMENT NAGARJUNA POST GRADUATE (AUTONMOUS) COLLEGE OF SCIENCE
# RAIPUR (C.G.)

NAAC Accredited 'B' Grade

# विवरण पत्रिका
# (PROSPECTUS)

Governed by

## Department of Higher Education

Government of Chhattisgarh

Affiliated to

## Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.)




# प्राचार्य की कलम से....

प्रिय विद्यार्थियों एवं पालकगण,

सन् 1948 में स्थापित शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर अपने प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर होता हुआ आज प्रदेश के प्रतिष्ठित स्वशासी आदर्श अग्रणीय शासकीय महाविद्यालयों में परिभाषित किया जाता है। इस महाविद्यालय में विज्ञान तथा कम्प्यूटर संकायों की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित हैं।

इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 16 विषय समूहों तथा 11 महत्वपूर्ण विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित है। रोजगारोन्मुखी विषयों जैसे डी.सी.ए., बी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए., बी.एस.सी. (सूचना प्रौद्योगिकी समूह) बी.एस.एस. (कम्प्यूटर साईंस समूह) बी.एस.सी. (बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रो बायलॉजी, बायो कैमिस्ट्री) के अध्ययन-अध्यापन की सुविधा से युवा वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

युवा वर्ग किसी भी राष्ट्र की सकारात्मक ऊर्जा का अक्षय स्त्रोत है। हम युवा वर्ग की इस ऊर्जा को सही दिशा में नियोजित एवं रूपान्तरित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। शिक्षा का कार्य विद्यार्थियों तक केवल सूचनाएं पहुचांना भर नहीं है। वास्तविक शिक्षा विद्यार्थियों में निहित प्रतिभाओं, संभावनाओं और रचनात्मक व्यक्तित्व को उभारने, विकसित करने और संस्कारित करने का कार्य भी करती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य शासन की प्रेरणा व मार्गदर्शन से समस्त महाविद्यालय परिवार, जनभागीदारी समिति उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करते हुए भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों में अटूट विश्वास रखते हुए हम आधुनिक पीढ़ी को विश्व स्तरीय गुणवत्ता के अनुसार गढ़ने एवं निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए वचनबद्ध है।

महाविद्यालय में कार्यरत विद्वान प्राध्यापक, कर्मठ प्रशासनिक एवं तकनीकी स्टॉफ और लगनशील विद्यार्थी अपने सामूहिक क्रियाकलापों से महाविद्यालय में ऐसे स्वस्थ शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर वातावरण का निर्माण करके विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए तत्पर रहते हैं। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी इस संस्था से ज्ञानोपार्जन एवं व्यक्तित्व विकास करके समाज एवं राष्ट्र के निर्माण और विकास में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेंगे।

प्रिय विद्यार्थियों हम नये सत्र में आपका हार्दिक स्वागत करते हैं। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि संस्था के समृद्ध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से आपका सर्वांगीण विकास होगा तथा आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम को महाविद्यालय में लागू किया जा चुका है। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

डॉ. अभिताभ बनर्जी
प्राचार्य

# अनुक्रमणिका


| क्र. | विवरण | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| | मिशन -विजन | |
| | Over The Years | |
| 01. | शिक्षण पाठ्यक्रम एवं विषय संयोजन | |
| 02 | प्रवेश मार्गदर्शक सिद्धांत | |
| 03 | महाविद्यालय में प्रवेस नियम एवं उपनियम | |
| 04. | विभिन्न शुल्क | |
| | (अ) प्रवेश शुल्क | |
| | (ब) शोध कार्य हेतु प्रयोगशाला शुल्क | |
| | (स) शिक्षण शुक्ल (शासकीय) | |
| | (द) छात्रावास शुल्क | |
| | (इ) परीक्षा शुक्ल | |
| | (प) शुल्क संबंध नियम | |
| | (फ) शुल्क संबंधी रियायतें | |
| 05. | अनुशासन | |
| 06. | छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति, पुरस्कार, मेडल, बीमा आदि | |
| 07. | उपलब्ध सुविधाएं- | |
| | (अ) छात्रावास | |
| | (ब) ग्रंथालय | |
| | (स) क्रीड़ा विभाग | |
| | (द) चिकित्सालय | |
| | (इ) पोस्ट ऑफिस | |
| | (प) केन्टीन | |
| | (फ) सायकल स्टैण्ड | |
| 08 | विभिन्न क्रिया-कलाप | |
| | (अ) छात्र संघ | |
| | (ब) एन.सी.सी. | |
| | (स) एन.एस.एस. | |
| | (द) रेडक्रास | |
| | (इ) विज्ञान क्लब | |
| | (प) मार्गदर्शन प्रकोष्ठ | |
| | (फ) सामान्य ज्ञान क्लब | |
| 9. | महाविद्यालय परिवार | |
| | (अ) स्वीकृत पद | |
| | (ब) शैक्षणित स्टॉफ | |
| | (स) कार्यालयीन स्टॉफ | |

# Govt. Nagarjuna Post Graduate College of Science

**VISION-** The vision of Govt. Nagarjuna PG College of Science, Raipur is to be acknowledged in the state, in India and also internationally as a coveted destination for quality education and research; with multidimensional growth of Student education, scholarly output and constructive contribution to the community consistently meeting standards of excellence.

**MISSION -** The mission of the college is to assist in the preservatiion, creation, updation on, application and dissemination of knowledge by teaching, research and public service in comprehensive range of disciplines, there by serving the needs and enhancing the well-being of the citizens, in order of priority of Raipur District, the state of Chhatisgarh, India as whole and also the wider world community.

**BROAD OBJECTIVE -** The Broad Objective of this college is to prepare our students to meet the new challenges of a dynamically, rapidly changing society by helping them to acquire competitive abilities, like the attributes of a commitment to life-long learning ability in self-learning , analytic reasoning, multilingual skills (proficiency in Hindi as well as English) including IT skills and ethical behavior.

**CORE VALUES** -1. Unity and Integrity
2. Love and peace for every one
3. Mutual respect
4. Transparency
5. Teamwork and shared responsibility
6. Commitment to excellence for our state holders

**GOALS-**

1. To achieve the best possible standards in educational research and outreach programmes.
2. To promote academic programmes relevant to socio-economic need of the nation.
3. To promote networking with various centers/ departments and labs around the country.
4. To promote skill oriented programmes.
5. To enhance the quality of the learning and teaching process at UG and PG levels.
6. To bring forward the inherent talents to students and encourage creativity.
7. To develop awareness to words social and environmental problems.

# Over The Years 1948-2016

The Govt. Science College has been a pioneer institution in the field of higher education ever since its inception in 1948. Its mission has been to provide students with quality education that enables them to compete successfully in the fast changing world arena. In 2010 the College has been conferred with the title of 'College with Potential For Excellence'. The institute was established with the mantra 'Yogah Karmasu Kaushalam' and has grown with it, and continues to make its mark as a unique institution under the special mission of social development and empowerment through education.

Initially the institution was set up near the old museum of Raipur and also in the Govt. High School, Raipur. Late Umadas Mukherjee, the founder Principal, a visionary in the field of education, in his wistful endeavour pledged to steer the institute and the region into an era of science and technology. In its initial years, the college was affiliated to the Saugar University. The college began its journey with 126 students for its intermediate science Course (I.Sc.) which was upgraded to a three years Bachelor Degree Course (B.Sc.) in 1950. In addition to offering courses in Biology, Mathematics, Physics and Chemistry, the college started PG classes in Botany, Zoology, Chemistry, Physics and Mathematics in 1956. Courses in Geology and Defence Studies were also introduced in 1956 and 1972 respectively . In its pursuit of providing excellence in higher education he college further introduced PG courses in English, Economics, History and Hindi. However , due to the changes in Government policy the study of Art Courses was withdrawn in 1975 . In its quest to equip the students with a wider range of academic facilities, the college addes more courses to its curriculum. The self financing vocational courses include Computer Science, information Technology, Biotechnology, Bio Chemistry, Micro Biology at U.G. level and Bioechnology a P.G. level. Now these subjects exist as separate departments for rapid quality growth. The institute was conferred with the title of Model College in 1985 which was further conferred Autonomous status in 1987-88. Later, the Department of Higher Education, Govt. of Chhatttisgarh renamed the college as Govt. Nagarjuna P.G. College of Science. Raipur in the year 2005. This is a lead college of the district too.

Along with academic expertise the College has strived to extend infrastructural facilities to its students. In 2009, an e-classroom was set up to enable students to communicate with IIT Kanpur and an English Language Lab was established to allow students to hone their communication skills. The College Placement Cell is well linked with the corporate world and assists the students in the recruitment process to successfully launch their careers. Various activities like personality development programmes, group discussions, mock interview, are organized for the growth of the students both on a personal and professional level. General knowledge tests are conducted on a weekly basis to prepare the students for Competitive Examinations. The College is also equipped with ample sports facilities and also encourages the students to actively participate in cultural activities.

The college has earned the recognition as a leading institution of repute due to its significant contribution to the development of the youth of the region.

## 1. शिक्षण पाठ्यक्रम एवं विषय संयोजन

शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर विज्ञान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अध्यापन और अध्ययन की सुविधाओं से सम्पन्न है। इस महाविद्यालय में पी.एच.डी. (शोध उपाधि) से संबंधित कार्य भी संचालित है। महाविद्यालय का संचालन तथा वित्तीय परिक्षेत्र छत्तीसगढ़ शासन के अधीन है।

यह महाविद्यालय पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से स्वशासी महाविद्यालय (ऑटोनॉमस कॉलेज) के रूप में मान्य तथा सम्बद्धता प्राप्त है। राज्य शासन द्वारा आदर्श महाविद्यालय के रूप में अनुमोदित किया गया है। इस महाविद्यालय का नवीन सत्र प्रतिवर्ष 16 जून से प्रारम्भ होगा।

**स्नातक पाठ्यक्रम ( Under Graduate Course)** (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप)

**बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर ( B.Sc. 1st Semester)**

बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में निम्नलिखित विषयों में से विद्यार्थी एक विषय समूह का चयन कर सकता है, जिसमें उसे प्रवेश की अर्हता होगी-

| क्र. | विषय समूह ( DSC-1, A,B,C) | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 01 | गणित, रसायन-विज्ञान, भौतिक -विज्ञान (Mathematics, Chemistry, Physics) | 230 |
| 02. | गणित, भौतिक-विज्ञान, भूविज्ञान (Mathematics, Physics, Geology) | 32 |
| 03. | गणित, भौतिक-विज्ञान, रक्षा अध्ययन (Mathematics, Physics, Defence Studies) | 22 |
| 04. | गणित, भौतिक- विज्ञान सूचना प्रौद्योगिकी (Mathematics, Physics, Information Technology) | 63 |
| 05. | गणित, भौतिक-विज्ञान, कम्प्यूटर-विज्ञान (Mathematics, Physics, Computer Science) | 63 |
| 06. | रसायन-विज्ञान, प्राणी-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान (Chemistry, Zoology,Botany) | 220 |
| 07. | रसायन-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान, भू-विज्ञान (Chemistry, Botany, Geology) | 30 |
| 08. | रसायन-विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रक्षा-अध्ययन (Chemistry, Botany, Defence Studies) | 30 |
| 09. | रसायन-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान, सूक्ष्म जीव-विज्ञान (Chemistry, Botany, Microbiology) | 40 |
| 10. | रसायन-विज्ञान, वनस्पति, जैव-प्रौद्योगिकी (Chemistry, Botany, Bio-Technology) | 30 |
| 11. | रसायन-विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जैव-रसायन (Chemistry, Botany, Bio-Chemistry) | 12 |
| 12. | रसायन-विज्ञान, प्राणी-विज्ञान, जैव -प्रौद्योगिकी | |

| | | |
|---|---|---|
| | (Chemistry, Zoology, Bio-technology) | 30 |
| 13 | रसायन-विज्ञान,.प्राणी-विज्ञान, जैव-रसायन (Chemistry, Botany, Bio-Chemistry) | 12 |
| 14. | रसायन-विज्ञान, प्राणी-विज्ञान, भू-विज्ञान (Chemistry, Zoology, Geology) | 30 |
| 15. | रसायन-विज्ञान, प्राणी-विज्ञान, रक्षा-अध्ययन (Chemistry, Zoology, Defence Studies) | 30 |
| 16. | बी.सी.ए. (समस्त निर्धारित विषय) | 50 |

टीप- एक से अधिक विषय समूह में आवेदन करने हेतु अतिरिरक्त आवेदन पत्र पृथक रूप से जमा करना होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की योजनानुसार प्रत्येक विद्यार्थी को बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में निम्नलिखित विवरणानुसार विषयों का चयन करना होगा -

1. DSC-01 : इसके अन्तर्गत ऊपर उल्लेखित क्र. 1 से 15 तक वर्णित विषय समूह में से किसी एक विषय समूह का चयन करना है। प्रत्येक विषय समूह में 3 मुख्य विषयों (DSC- A,B एवं C) को सम्मिलित किया गया है।
2. GEC-01 : महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों (भूगोल, अर्थशास्त्र, हिन्दी, साहित्य, अंग्रेजी साहित्य में से कोई एक विषय का चयन करना है।
3. AEC-01 : प्रथम सेमेस्टर के लिए -अंग्रेजी
4. VAC-01 : Pool से चयन करना। इसके अन्तर्गत सभी मुख्य विषयों की सूची में से विषय का चयन करना होगा।

## बी.एस.सी. द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्टम, सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर

**(B.Sc. Sem II, III, IV, V, VI, VII & VIII )**

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के तहत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा घोषित पाठ्यक्रमानुसार)

**स्नातक स्तर** : अवधि 04 से 04 वर्ष NEP 2020 के प्रावधानों के अनुसार सम्पूर्ण स्नातक पाठ्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार होगी-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष (1st Year) | सेमेस्टर-I | 20 क्रेडिट | 40 क्रेडिट<br>04 क्रेडिट | सर्टिफिकेट<br>44 क्रेडिट |
| | सेमेस्टर-II | 20 क्रेडिट | | |
| द्वितीय वर्ष (2nd Year) | सेमेस्टर-III | 20 क्रेडिट | 40 क्रेडिट | 84 क्रैडिट<br>डिप्लोमा |
| | सेमेस्टर-IV | 20 क्रेडिट | | |
| तृतीय वर्ष (3rd Year) | सेमेस्टर- V | 20 क्रेडिट | 40 क्रेडिट | 120 क्रैडिट<br>डिग्री |
| | सेमेस्टर- VI | 20 क्रेडिट | | |
| चतुर्थ वर्ष (4th Year) | सेमेस्टर- VII | 20 क्रेडिट | 40 क्रेडिट | ऑनर्स (160 क्रैडिट)<br>ऑनर्स विथ रिसर्च<br>(164 क्रैडिट) |
| | सेमेस्टर- VIII | 20 क्रेडिट | | |

टीप- उपरोक्त योजनानुसार विद्यार्थी के लिए 4 प्रावधान है।

1. एक वर्ष (सेमेस्टर I एवं II) पूर्ण करने पर अध्ययन छोड़ने पर विद्यार्थी केवल प्रमाण पत्र का हकदार होगा।

2. दो वर्ष (सेमेस्टर I, II, III एवं IV ) पूर्ण करने पर अध्ययन छोड़ने पर विद्यार्थी डिप्लोमा प्रमाण पत्र का हकदार होगा।
3. तीन वर्ष (सेमेस्टर I,II,III, IV, V एवं VI) पूर्ण करने पर विद्यार्थी स्नातक (VG) की डिग्री का हकदार होगा।
4. चार वर्ष (आठ सेमेस्टर) पूर्ण करने (16 क्रेडिट) पर विद्यार्थी ऑनर्स (HONORS) अथवा 164 क्रेडिट होने पर विद्यार्थी को ऑनर्स विथ रिसर्च (Honors with Research) ) की उपाधि का हकदार होगा।

**NEP -2020 मे choice Based Credit System (CBCS) के अन्तर्गत कोर्स का नाम–**

| | Course Name | Course Code |
|---|---|---|
| 1. | Discipline Specific Course (Major/ Core) | DSC |
| 2. | Discipline Specific Elective Course (Minor/ Inter disciplinary) | DSE |
| 3. | General Elective / Multi- disciplinary | GE |
| 4. | Ability Enhancement Course | AEC |
| 5. | Skill Enhancement | AEC |
| 6. | Value Addition Course | VAC |
| 7. | Internship/Apprenticeship | XXX |
| 8. | Research Methodology/Project & Dissertation | XXX |

**टीप– स्नातक उपाधि का पाठ्यक्रम 03 से 04 वर्ष का होगा। प्रत्येक वर्ष में दो सेमेस्टर होंगे।**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार (B.Sc) प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष हेतु Course Curriculum Framework (CCF)**

**1st Year CCFUP For B.Sc. (Maths & Life Science)**

| Sem. | DSC(4C) A/B/C | DSE | GE (4C) | AEC (2C) | VAC/SEC (2C) | Credits |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | DSC A 1(4C)<br>DSC B1 - (4C)<br>DSC A1-(4C) | XX | GE-01 (4C)<br>Economic/ Geography<br>Hindi Lit.<br>English Lit. | AEC-01 (2C)<br>English | VAC-01 (2C)<br>From the Pool | 20 Credits |
| II | DSC A2 -(4C)<br>DSC B2 -(4C)<br>DSC C-2 (4C) | XX | GE -02 (4C)<br>Economic/ Geography/ Hind Lit./<br>English Lit. | AEC-02 (2C)<br>Hindi | SEC-02 (2C)<br>From the Pool | SEC-01<br>20 Credits |
| Students on exit shall be awarded undergraduate certificate after securing requisite 44 credits.<br>[ Extra 4 credits of Voc/Skill course have to be earned from any recognised platform/ | | | | | | 40 Credits |

## 2nd Year CCFUP For B.Sc. (Maths & Life Science)

| Sem. | DSC(4C) A/B/C | DSE/GE (4C) | AEC (2C) | VAC/SEC | Credits (2C) |
|---|---|---|---|---|---|
| III | DSC A3 - (4C)<br>DSC B3 - (4C)<br>DSC C3 - (4C) | DSE-01of A/B/C (4C) | AEC-03 (2C) EVS | VAC-02 (2C) From the | 20 Credits Pool |
| IV | DSC A4 - (4C)<br>DSC B4 - (4C)<br>DSC C4 - (4C) | DSE-02 of A/B/C (4C) | AEC-04 (2C) Communicative Language/ English | SEC-02 (2C) From the Pool | 20 Credits |
| Students on exit shall be awarded undergraduate certificate after securing requisite 84 credits.<br>[ Extra 4 credits of Voc/Skill course have to be earned from any recognised platform] | | | | | 80 Credits |

## 3rd Year CCFUP For B.Sc. (Maths & Life Science)

| Sem. | DSC(4C) A/B/C | DSE/GE (4C) | SEC (2C) | VAC/SEC (2C) | Credits |
|---|---|---|---|---|---|
| V | DSC A5 - (4C)<br>DSC B5 - (4C)<br>DSC C5 - (4C) | DSE-03 of A/B/C (4C) | SEC-03 (2C) From the Pool | VAC-03 (2C) From the Pool | 20 Credits |
| VI | DSC A6 - (4C)<br>DSC B6 - (4C)<br>DSC C6 - (4C) | DSE-04 of A/B/C (4C) | SEC-04 (2C) From the Pool | Internship (2C) | 20 Credits |
| Students on exit shall be awarded Bachelor's Degree | | | | | 120 Credots |

## 4th Year CCFUP For B.Sc. (Maths & Life Science)
## For Award of Bachelor degree with Honors
## (Students securing less than 7.5 CGPA)

| | | | |
|---|---|---|---|
| VII | DSC -7 A/B/C (4C) | Four DSE -05 to 08 (4x4C) Courses =16C | 20 Credits |
| VIII | DSC-8 A/B/C (4C) | Four DSE-09 to 12 (4x4C) Courses =16 C | 20 Credits |
| For Award of Bachelor degree with Honours & Research (Students Securing at least 7.5 CGPA) | | | Total 160C |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| VII | DSC-7<br>A/B/C (4C) | Three DSE - 05 to 07<br>(3x4C) =12C | DS Research<br>Methodology (4C) | 20<br>Credits |
| VIII | DSC-8<br>A/B/C (4C) | Three DSE - 08 to 10<br>(3x4C)= 12C | Research Work<br>Dissertation (4+4C) | 24<br>Credits |
| Student will be Awarded Bachelor (Honors) or (Honors with Academic Research) in Specific Discipline after securing the requistie credits on completion of sem. | | | | Total 164<br>Credits |

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार BCA प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष हेतु CCF

## CCFUP For BCA

| Sem. | DSC(4C)<br>A/B/C | DSE | GE (4C) | AEC (2C) | SEC/VAC<br>(2C) | Credits |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | DSC A 1-(4C)<br>DSC A 2-(4C)<br>DSC A 3-(4C) | XX | GE-01 (4C)<br>From the<br>Pool | AEC-01<br>(2C)<br>English Lan. | SEC-01 (2C)<br>From the<br>Pool | 20<br>Credits |
| II | DSC A 4 - (4C)<br>DSC A-5 - (4C)<br>DSC A-6 - (4C) | XX | GE-02 (4C)<br>From the<br>Pool | AEC-02 (2C)<br>Hindi Lan. | SEC-01 (2C)<br>From the<br>Pool | 20<br>Credits |
| Students on exit will be awarded undergraduate certificate by securing requisite 33 credits [Extra 4 crdits of Voc/skill course have to be earned from any recognised platform] | | | | | | 40C |
| III | DSC A 7-(4C)<br>DSC A 8-(4C)<br>DSC A 9- (4C) | DSE-01 of A<br>(4C) | | AEC-03 (2C)<br>EVS | VAC-02 (2C)<br>From the<br>Pool | 20<br>Credit |
| IV | DSC A 10- (4C)<br>DSC A 11- (4C)<br>DSCA 12- (4C) | DSE-02 of A (4C) | | AEC-04 (2C)<br>Communicative<br>Language | SEC-02 (2C)<br>From the<br>Pool | 20<br>Credits |
| Students on exit will be awarded undergraduate certificate by securing requisite 84 credits [ Extra 4 credits of Voc/Skill course have to be earned from any recognised platform] | | | | | | 80 C |
| V | DSC A 13 - (4C)<br>DSC A14 - (4C)<br>DSC A 15 - (4 C) | DSE -03 of (4C) | | SEC-03 (2C)<br>From the Pool | VAC-3 (2C)<br>From the Pool | 20<br>Credits |
| VI | DSC A 16 -(4C)<br>DSC A 17 -(4C)<br>DSC A 18 -(4C) | DSE-04 of (4C) | | SEC -04 (2C)<br>From the Pool | Internship<br>(2C) | 20<br>Credits |
| Student on exit shall be awarded Bachelors degree (in Field of Multidisciplinary study) afer sem. VI | | | | | | 120C |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| For Award of Bachelor degree with Honors (Studnets Securing less than 7.5 CGPA) | | | | |
| VII<br>VIII | DSC A-19 (4C)<br>DSC A-20 (4C) | Four DSE -05 to 08 (4x4) courses =16 C<br>Four DSE -09 to 12 (4x) courses =16C | | 20 Credits<br>20 Credits |
| For Award of Bachelor degree with Honors (Studnets Securing less than 7.5 CGPA) | | | | |
| VII<br><br>VIII | DSC A -10 (4C)<br><br>DSC A-20 (4C) | Three DSE -05 to 07 (3x4) =12 C<br>hree DSE -08 to 10 (3x4) =12C | DS Research Methodology (4C)<br>Research work Dissertation (4+4C) | 20 Credits<br><br>24 Credits |
| Student shall be awarded Bachelor of (in the Field of Multidisciplinary study) [Honors (160C) or Honors with Academic Research (164C) after securing the requiste credits on completion of Sem. VIII | | | | Total Cr. 164C |

## COURSE ASSESSMENT

| | | | |
|---|---|---|---|
| Maximum Marks | 100<br>50 | For 4 /3 Credit<br>For 2/ 1 Credit | Passing Marks -40<br>Passing Marks -20 |
| CIA Continuous Assessment | 30% | Two Test/ Quiz<br>One Assignment | Test 1 & 2 of 20/10 Marks<br>Assignment -10/05 Marks |
| | Marks Obectined | | Better of 2 Test/ Quiz + Assignment |
| ESE: End Semester Examination | 70% | Well defined question Paper pattern Objectivetype, Short answer ane descriptive answer type questions | |
| Passing Marks (40%) Consideration | 40 out of 100 OR 20 Out oif 50<br>Cumulative Marks obtained in CIA + ESE | | |

## स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (Post Graduate Course)

### एम.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर (M.Sc., First Semester)

विद्यार्थी ने बी.एस-सी. परीक्षा जिन विषयों को लेकर उत्तीर्ण की है वह उन्हीं विषयों में से एक विषय में एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पाने का पात्र है। रक्षा अध्ययन के लिए किन्हीं भी विषयों को लेकर बी.एस.सी. उत्तीर्ण विद्यार्थी के लिए पात्र होंगे। जैव प्रौद्योगिकी में जैव समूह के किसी भी विषयों में उत्तीर्ण छात्र प्रवेश ले सकते हैं।

| क्र. | विषय | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 4.01 | जैव-प्रौद्योगिकी (Biotechnology) | 15 |
| 4.02 | वनस्पति-विज्ञान (Botany) | 25 |
| 4.03 | रसायन-विज्ञान (Chemistry) | 25 |
| 4.04 | रक्षा-अध्ययन (Defence Studies) | 25 |
| 4.05 | भू-विज्ञान (Geology) | 25 |
| 4.06 | गणित (Mathematics) | 35 |
| 4.07 | भौतिक-विज्ञान (Physics) | 25 |
| 4.08 | प्राणी-विज्ञान (Zoology) | 25 |
| 4.09 | सूक्ष्म जीव विज्ञान (Micro Biology) | 30 |
| 4.10 | जैव रसायन (Bio-Chemistry) | 20 |
| 4.11 | सूचना प्रौद्योगिकी (Information Technology) | 30 |

टीप- प्रत्येक विषय के लिये विषयवार पृषक-पृथक आावेदन करना होगा।

### स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अध्यापन :

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी अध्यादेश क्रमांक 170 के अधीन स्नातकोत्तर कक्षाओं में सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई है। यह अध्यादेश अवलोकनार्थ परीक्षा प्रकोष्ठ में उपलब्ध है।

सभी विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन कार्य सत्र 2006-07 से सेमेस्टर पद्धति से किया जा रहा है। सेमेस्टर में सैद्धांतिक कक्षाओं के साथ प्रायोगिक कार्य कराया जाता है। विषय के अनुसार लैब कार्य, फील्ड वर्क, प्रोजेक्ट आदि कराया जाता है। सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक परीक्षाएं प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में ली जाती है। वर्तमान में स्नातकोत्तर कक्षा में परम्परागत मूल्यांकन पद्धति अपनायी जा रही है।

नोट - उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन के आदेशानुसारर सत्र 2007-2008 से स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान के सभी विषय अध्यापन अनिवार्यत: अंग्रेजी माध्यम में कराया जायेगा। परीक्षा का माध्यम विद्यार्थी हिन्दी या अंग्रेजी के रूप में चयन के लिये स्वतंत्र होंगे।

## कम्प्यूटर विज्ञान में संचालित डिप्लोमा कोर्स

महाविद्यालय में निम्नलिखित डिप्लोमा कोर्स छात्रों के लिए उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) : | उपलब्ध सीट | 30 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (PGDCA) : | उपलब्ध सीट | 30 |

BCA पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण होना चाहिये।
DCA पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण होना चाहिए ।
PGDCA पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता किसी भी संकाय से स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए।

## शोध केन्द्र

महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान, रसायन, रक्षा अध्ययन, भू-विज्ञान, गणित, भौतिकी और प्राणी विज्ञान, जैव रसायन, जैव प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को शोध केन्द्र की मान्यता है जहाँ पर पी.एच-डी. के शोधार्थी प्रवेश ले सकते हैं।

## 2. प्रवेश मार्गदर्शक सिद्धांत

(नोट : छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर संशोधित प्रवेश नियम लागू होंगे।)

1.0 **प्रयुक्ति**- ये मार्गदर्शक सिद्धांत छ.ग. के सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में छ.ग. विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत अध्यादेश क्रमांक 6 व 7 के प्रावधान के साथ सहपठित करते हुए लागू होंगे तथा समस्त प्राचार्य इनका पालन सुनिश्चित करेंगे।

2.0 **प्रवेश की तिथि**- शासन द्वारा घोषित तिथि अनुसार।

### 2.1 प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करना -

महाविद्यालय के शिक्षण संस्थान एवं स्वशासी महाविद्यालयों को छोड़कर समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाईन फार्म जमा कराया जायेगा। जिन महाविद्यालयों के लिए जितने फार्म जमा होंगे उसे उस, महाविद्यालय को प्रेषित किये जायेंगे। विश्वविद्यालय से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों में से महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्य द्वारा प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के नियमानुसार प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

(अ) अपरिहार्य कारणों से यदि ऑफलाईन आवेदन जमा करना हो तो आवेदक द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिये प्राचार्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित दिनांक तक महाविद्यालय में जमा किये जायेंगे।

(ब) प्रवेश हेतु बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची प्रदान न किये जाने की स्थिति में पूर्व संस्था के संबंधित प्रायार्य द्वारा प्रमाणित किये जाने पर बिना अंकसूची के आवेदन पत्र जमा किये जा सकेंगे।

(स) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में अनिवार्यतानुरूप किसी भी संशोधन/परिवर्धन संबंधित निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

(द) विश्वविद्यालय के शिक्षण संस्थान एवं स्वशासी महाविद्यालय में प्रवेश हेतु संस्था स्तर पर ऑनलाईन फार्म जमा कराया जायेगा। स्वशासी महाविद्यालयों में चतुर्थ वर्ष अर्थात सप्तम सेमेस्टर में प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित अध्यादेश के अनुसार प्रदान किया जायेगा।

## प्रवेश आवेदन पत्र में संलग्न प्रपत्रों की सूची ( चेक लिस्ट)

1. नवीनतम पासपोर्ट सार्ज 3 फोटो
2. इस महाविद्यालय में प्रवेश पाने के पूर्व जिस विद्यालय/महाविद्यालय में विद्यार्थी ने अध्ययन किया है उस शिक्षण संस्थान द्वारा प्रदत्त मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Original Transfer Certificate) आवश्यक होगा । किन्तु महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए इसकी आवश्यकता नहीं है।
3. हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं जिस कक्षा में प्रवेश ले रहे हैं उसके पूर्व की सभी कक्षाओं की (हाई स्कूल तक) अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति।
4. निवास प्रमाण पत्र
5. नियोक्ता की स्वीकृति (यदि कोई आवेदक सेवारत हो)
6. प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) यदि अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
7. अंतराल प्रमाण पत्र (Gap Affidavit) यदि किसी शिक्षा सत्र में अंतराल रहा हो।
8. पात्रता प्रमाण पत्र (C.G./C.B.S.E./A.I.S.S./C.E. बोर्ड/Pt. R.S.U./ Sarguja /Bastar University को छोड़कर)।
9. यदि विद्यार्थी ने स्वाध्यायी तौर पर परीक्षा उत्तीर्ण की है तो किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त सदाचार का प्रमाण पत्र (Good Conduct Certificate)
10. अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को विभिन्न सुविधाओं तता छात्रवृत्तियों के लिए निम्न दो प्रमाण पत्र लगाने होंगे।(1) जाति प्रमाण -पत्र (2) आय प्रमाण -पत्र।
    ये प्रमाण-पत्र तहसीलदार अथवा राजस्व अधिकारी द्वारा प्राप्त किये जाएँ।

### 2.2 प्रवेश हेतु अंतिम तिथि निर्धारित करना -

स्थानांतरण प्रकरण छोड़कर 16 जून तक प्रााचार्य स्वयं तथा 14 अगस्त तक कुलपति की अनुमति से प्रति वर्ष प्राचार्य प्रवेश देने में सक्षम होंगे। (स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि 16 जून से तथा अन्य कक्षाओं /सेमेस्टर हेतु 16 जून से 15 जुलाई तक या परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिवस तक) शासन द्वारा समय -समय पर जारी निर्देशों के अनुसार प्रवेश की प्रक्रिया की जावेगी । परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने की स्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त 10 दिवस के भीतर प्रवेस कार्य पूर्ण किये जावेंगे। परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने की स्थिति में । कंडिका 5.1 (क) में उल्लेखित कर्मचारियों के स्थानांतरित होने पर प्रवेश की अंतिम तिथि के बाद भी प्रवेश चाहने वाले उनके पुत्र-पुत्रियों को स्थान रिक्त होने पर ही सत्र के दरान प्रवेश दिया जाये, किन्तु इसके लिए कर्मचारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा एवं आवेदक को पूर्व सेमेस्टर के कोर्सेस/कोर्स क्रेडिट का मिलान करना आवश्यक होगा तथा आवेदक को प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम तिथि पूर्व अन्य महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त होने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जाएगा।

### 2.3 पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित करना-

12 वीं कक्षा में पुनर्मूल्यांकन/पुर्नगणनना में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी स्थान रिक्त होने पर नियमित प्रवेश की पात्रता रहेगी। सेमेस्टर प्रणाली में पुर्न मूल्यांकन/पुर्नगणना का प्रावधान नहीं है, परन्तु किसी सेमेस्टर के किसी कोर्स विशेष में प्रावधानानुसार निविदत्त मूल्यांकन द्वारा परिणाम में परिवर्तन होने की स्थिति में सेमेस्टर वार प्रोन्नति नियम के अनुसार आगामी सेमेस्टर में प्रोन्नत होने की पात्रता होगी।

## 3.0 प्रवेश संख्या का निर्धारण –

3.1 शासन द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों तथा कक्षा में बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरण, उपयोग योग्य सामग्री एवं स्टॉफ की उपलब्धता आदि के आधार पर प्राचार्य द्वारा विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित की गई छात्र संख्या की अनुमति दी जाती है। प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रवेश संख्या निर्धारित संख्या से अधिक न हो।

3.2 सम्बद्ध विश्वविद्यालय/स्वशासी महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक कक्षा के लिए अध्यापन के विषय/विषय समूह का निर्धारण किया गया है। प्राचार्य अपने महाविद्यालय में उन्हीं निर्धारित विषय/विषय समूह में निर्धारित प्रवेश संख्या के अनुसार ही प्रत्येक कक्षा में आवेदकों को प्रवेश देंगे।

4.0 प्रवेश सूची –

4.1 प्राचार्य द्वारा प्रवेश शुल्क जमा करने की निर्धारित तिथि की सूचना देते हुए प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की अर्हकारी परीक्षा में प्राप्तांकों एवं जहाँ अधिभार देय है, वहाँ अधिभार देकर कुल प्राप्तांकों की गुणानुक्रम सूची प्रतिशत अंक सहित सूचना पटल पर लगाई जाएगी।

4.2 प्रवेश समिति द्वारा आवश्यक संलग्न प्रमाण पत्रों की प्रतियों को मूल प्रमाण पत्रों से मिलान कर प्रमाणित किये जाने एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा कराये जाने के पश्चात् ही प्रवेश शुल्क जमा करने की अनुमति दी जाएगी।

4.3 निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही महाविद्यालय में प्रवेश मान्य होगा।
**प्रवेश के पश्चात् स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति को निरस्त की सील लगाकर अनिवार्य रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।**

4.4 घोषित प्रवेश सूची के अनुसार शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि के बाद स्थान रिक्त होने पर सभ कक्षाओं में नियमानुसार प्रवेश हेतु विलम्ब शुल्क रूपये 100/– अशासकीय मद में अतिरिक्त रूप में वसूला जाएगा, तथापि ऐसे प्रकरणों में 14 अगस्त के पश्चात् प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

4.5 स्थानांतरण प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट) के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। स्थानांतरण प्रमाण पत्र खो जाने की स्थिति में विद्याथी द्वारा निकटस्थ थाने में एफ.आर.आई दर्ज किया जाए। पुलिस थाने की रिपोर्ट एवं पूर्व प्रवेश प्राप्त संस्था से अधिकृत रिपोर्ट जिसमें मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र का अनुक्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख हो, प्राप्त होने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जा सकता है। इस हेतु विद्यार्थी को वचन पत्र देना होगा।

4.6 महाविद्यालय के प्राचार्य स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने के साथ–साथ छात्र से संबंधित गोपनीय रिपोर्ट जारी करेंगे कि संबंधित छात्र रैगिंग/अनुशासनहीनता /तोड़फोड़ आदि में संलिप्त है या नहीं। ऐसी गोपनीय रिपोर्ट को सील बंद लिफाफा में बंद कर उस महाविद्यालय के प्राचार्य को प्रेषित करेंगे जहां कि छात्र/छात्रा ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है।

4.7 राज्य शासन द्वारा शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं को शिक्षण शुल्क से छूट प्रदान की गयी है। अत: उक्त निर्देशों का पालन किया जाए।

5.0 प्रवेश की पात्रता–

## 5.1 निवासी एवं अर्हकारी परीक्षा –

(क) छत्तीसगढ़ के मूल/स्थायी (छ.ग.) में स्थायी सम्पत्तिधारी निवासी/ राज्य या केन्द्र सरकार के शासकीय कर्मचारी, अर्धशासकीय कर्मचारी तथा प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी, राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा भारत सरकार द्वारा संचालित व्यावसायिक संगठनों के कर्मचारी जिनका पदांकन छत्तीसगढ़ में है उनके पुत्र/पुत्रियों एवं जम्मू कश्मीर के विस्थापितों तथा उनके आश्रितों को ही शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश दिया जायेगा। उपरोक्तानुसार प्रवेश देने के पश्चात् भी महाविद्यालय में रिक्त स्थान उपलब्ध होने पर अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त बोर्ड एवं अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नियमानुसार गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है।

(ख) स्नातक स्तर पर सेमेस्टर I, II, III, IV, V परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को उन्हीं विषयों में क्रमश: सेमेस्टर I, II, III,

IV, V,VI, VI एवं VIII में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

(ग) आवश्यकतानुसार संबंधित विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात ही आवेदक को प्रवेश प्रदान किया जाये।

## 5.2 स्नातक स्तर, नियमित प्रवेश

(क) 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। 10+2 कृषि संकाय से उत्तीर्ण आवेदकों को विज्ञान संकाय अथवा बी.एस.सी. (बॉयो/गणित समूह) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। संकायवार निर्धारित विषय समूह के अनुरूप ही प्रवेश दिया जायेगा।

(ख) स्नातक स्तर पर प्रत्येक सम सेमेस्टर (द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम/अष्ठम) में प्रवेश नियमित प्रवेश की पात्रता संबंधित अध्यादेश/विनियम में उल्लेखित प्रोन्नति नियम (Promotion Rule) के अनुसार ही होगी तथा किसी सेमेस्टर में विषय परिवर्तन की पात्रता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2000 के प्रावधानानुरूप होगी।

(ग) स्वशासी महाविद्यालयों में संचालित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के सप्तम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश संबंधित अध्यादेश के प्रावधानानुरूप दिया जावेगा।

## 5.3 स्नातकोत्तर स्तर पर नियमित प्रवेश-

(क) स्नातक परीक्षा में आवेदित विषय लेकर बी.एस.सी. उत्तीर्ण आवेदकों को एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

(ख) स्नातकोत्तर प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को उसी विषय के स्नातकोत्तर के क्रमशः द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश नवीनीकरण तथा द्वितीय सेमेस्टर में उत्तीर्ण आवेदकों को उसी विषय में स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में नियमित प्रवेश स्वशासी महाविद्यालय के अध्यादेश में उल्लेखित प्रोन्नति नियम के अनुरूप दी जावेगी। तृतीय सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

(ग) स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु -

1. स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्राविधिक प्रवेश की पात्रता रखने वाले आवेदकों को प्रवेश के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व प्राविधिक प्रवेश लेना अनिवार्य है।

2. स्नातकोत्तर सेमेस्टर में बैकलाग कोर्स से संबंधित/सेमेस्टरवार प्रोन्नति नियमों के अनुसार पात्र आवेदकों को अगले सेमेस्टर में प्राविधिक प्रवेश की पात्रता होगी।

3. स्वशासी महाविद्यालयों में संचालित चार वर्षीय पाठ्यक्रम के तीन वर्ष के बाद एक्जिट होने वाले विद्यार्थी को स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

## 6.0 समकक्ष परीक्षा -

6.1 सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन (सी.बी.एस.ई.)इंडियन कौंसिल फार सेकेण्डरी एजुकेशन (आई.सी.एस.ई.) तथा अन्य राज्यों के विद्यालयों / इंटरमीडिएट बोर्ड की 10+2 की परीक्षाएं छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10+2 परीत्रा के समकक्ष मान्य है। प्राचार्य, मान्य बोर्ड की सूची सम्बद्ध विश्वविद्यालयों से प्राप्त कर सकते हैं।

6.2 सामान्यतः भारत में स्थित विश्वविद्यालय जो भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज) के सदस्य हैं, उनकी समस्त परीक्षा छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों की परीक्षा के समकक्ष मान्य है। ऐसे विश्वविद्यालय (IGNOU को छोड़कर ) जो दूरवर्ती पाठ्यक्रम संचालित करते हैं, किन्तु राज्य शासन से अनुमति प्राप्त नहीं है, की परीक्षाएं मान्य नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के किसी भी विश्वविद्यालय अथवा शैक्षणिक संस्था को छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययन केन्द्र/ऑफ कैम्पस आदि खोलकर छात्र-छात्राओं को प्रवेस देने /डिग्री देने की मान्यता नहीं है तथा ऐसी संस्थाओं से डिग्री/डिप्लोमा वैधानिक रूप से मान्य नहीं होगा।

6.3 सम्बद्ध विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या शिक्षण संस्थाओं की सूची एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी फर्जी अथवा मान्यता विहीन विश्वविद्यालय या शिक्षण संस्थाओं जिनकी उपाधि मान्य नहीं है, की जानकारी प्राचार्य सम्बद्ध विश्वविद्यालय से प्राप्त करें।

6.4 वर्ष 2012 में प्रारंभ किए गए एन.वी.ई.क्यू.एफ. (National Vocational Education Qualification Framework)) के अंतर्गत उत्तीर्ण आवेदकों को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए अन्य सामान्य विषयों की तुलना में समतुल्य प्राथमिकता प्रदान की जावे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अर्द्धवार्षिकीय पत्र क्रमांक 1-52/2013 (सीसी/एनएसक्यूएप) अप्रैल, 2014 के अनुसार -

जैसा कि आपको ज्ञात है आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय कौशल अर्हता संरचना (एनएसक्यूएफ) में मानव संसाधन विकास मंत्रालय दववारा राष्ट्रीय व्यावसायिक शैक्षिक अर्हता संरचना (एनवीईक्यूएफ) में सूत्रबद्ध किये गये समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को निगमित किया गया है। जैसा कि एनएसक्यूएफ में अधिसूचित किया गया है कि यह 1 से 10 स्तर तक के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराता है जिनमें स्तर 5 से स्तर 10 तक के प्रमाण पत्र उच्च शिक्षा से एवं स्तर 1 से स्तर 4 तक के प्रमाण पत्र स्कूली सिक्षा के क्षेत्र से सम्बद्ध हैं। वर्ष 2012 में प्रारंभ किये गये एनवीईक्यूएफ के अनुसरण में कुीछ स्कूल बोर्डो द्वारा छात्रों को पाठ्यक्रम प्रस्तावित किये गये और एनवीईक्यूएफ के अंतर्गत छात्रों को समतुल्य/समस्तरीय प्रमाण पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। ऐसे छात्र, एनएसक्यूएफ के स्तर 4 के प्रमाणित स्तर सहित 10+2 शिक्षा को वर्ष 2014 तक सफल कर पायेंगे। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने आशंका जताई है कि ऐसे छात्र जो विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में स्नातक किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिल लेने के इच्छुक है तथा जिनके पास +2 स्तर में व्यावसायिक विषय थे वे अलाभकारी स्थिति में होंगे। अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि जिस समय छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अन्य किसी भी सनातक पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए प्रयास किये जा रहे हों तो उस समय ऐसे विषयों को अन्य सामान्य विषयों की तुलना में समतुल्य प्राथमिकता प्रदान की जाये, ताकि उन छात्रों के क्षैतिजिक गत्यात्कमता के लिये सुअवसर मिल सके।

## 7.0 बाह्य आवेदकों का प्रवेश-

7.1 स्नातक स्तर तक पर वार्षिक प्रणाली अंतर्गत बी.ए./बी.कॉम/बी.एस.सी. /बी.एच.एस.सी. में एकीकृत पाठ्यक्रम लागू होने से छत्तीसगढ़ के किसी भी विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को तृतीय वर्ष में प्रवेश की पात्रता है किन्तु सम्बद्द विश्वविद्यालय में पढ़ाये जा रहे विषयों/विषय समूहों में आवेदकों ने पिछली परीक्षा दी हो इसका परीक्षण करने के पश्चात ही नियमित प्रवेस दिया जावे। आवश्यक हो तो विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र अवश्य लिया जाये।

7.2 छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित विश्वविद्यालयों / स्वशासी महाविद्यालयों से स्नातक स्तर की द्वितीय वर्ष परीक्षा (वार्षिक प्रणाली हेतु) अथवा प्रथम, दिववतीय, तृतीय सेमेस्टर परीक्षा, अन्य विश्वविद्यालय/स्वशासी से स्नातकोत्तर प्रथम, द्वितीय , तृतीय सेमेस्टर परीक्षा एवं विधि स्नातक स्तर की प्रतम./द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को उनके द्वारा सम्बद्ध विश्वविद्यालयों से पात्रता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात ही इहीं विषयों/विषय समूह की अगली कक्षा में नियमित प्रवेश दिया जावे।

राज्य के बाहर के विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप में एक शपथ पत्र देना होगा किसी भी प्रकार की झूठी/गलत जानकारी पाए जाने पर संबंधित विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त करते हुए उसे प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय में प्रवेश से वंचित कर दिया जाएगा। अन्य राज्य के आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का प्रमाणीकरण संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय से कराया जाना अनिवार्य है।

7.3 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित सेमेस्टर में क्रेडिट स्थानांतरण के प्रावधान संबंधित अध्यादेश में उल्लेखित नियमों के अनुरूप किया जावेगा। तद्नुसार स्नातक के तृतीय/पंचम सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाना कोर्स मिलान एवं क्रेडिट स्थानांतरण पर आधारित होगा तथा सप्तम सेमेस्टर में प्रवेश अध्यादेश /विनियम में प्रावधानित नियमानुसार दिया जावेगा।

7.4 वार्षिक प्रणाली में स्नातक अंतिम वर्ष महत्व हेतु विज्ञान एवं प्रायोगिक विषयों में स्वाध्यायी आवेदकों को स्थान रिक्त होने पर तथा महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों को 30 नवंबर तक निर्धारित शुल्क लेकर मात्र प्रायोगिक कार्य करने की अनुमति प्राचार्य

द्वारा दी जा सकती है।

## 8.0 अस्थाई प्रवेश की पात्रता –

अस्थाई प्रवेश की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि के पूर्व अस्थाई प्रवेश लेना अनिवार्य होगा।

8.1 स्नातक स्तर की द्वितीय परीक्षा में एक विषय में पूरक परीक्षा (कम्पार्टमेंट) प्राप्त आवेदकों को स्थान रिक्त होने पर अगली कक्षा में अस्थाई प्रवेश की पात्रता होगी।

8.2 स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम /द्वितीय/तृतीय में बैकलाग/ ए.टी.के.टी. प्राप्त आवेदकों को अगली सेमेस्टर कक्षा /सेमेस्टर में अस्थाई प्रवेश की पात्रता संबंदित विश्वविद्यालय/स्वशासी महाविद्यालय के अध्याद्श/विनिमय में प्रावधाति नियमानुसार होगी।

8.3 उपरोक्त कंडिका 7 के खण्ड (1) एवं (2) के आवेदकों को अस्थाई प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

8.4 पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण अस्थाई प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्राओं का अस्थाई प्रवेश स्वतः निरस्त हो जाएगा। उत्तीर्ण होने पर अस्थाई प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्राओं का अस्थाई प्रवेश नियमित प्रवेश के रूप में मान्य किया जाएगा।

## 9.0 प्रवेश हेतु अर्हताएँ –

91. किसी भी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के किसी संकाय में प्राप्त छात्र–छात्राओं को उसी संकाय की उसी कक्षा में आगामी सत्र में पुनः प्रवेश की पात्रता नहीं होगी परन्तु यदि किसी छात्र/छात्रा ने पूर्व में आवेदित कक्षा में नियमित प्रवेश नहीं लिया हो, तो ऐसा आवेदक नियमित छात्र नहीं माना जावेगा। उसे मात्र मूल स्थानांतरण प्रमाण –पत्र तथा शपथ पत्र जिससे प्रमाणित हो कि पूर्व में उसने प्रवेश नहीं लिया है, के आधार पर ही नियमानुसार प्रवेश दिया जावेगा।

9.2 जिनके विरूद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया हो या न्यायालय में अपराधिक प्रकरण चल रहे हों, परीक्षा में या पूर्व सत्र में छात्रों/अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार/मारपीट करने के गंभीर आरोप हो, चेतावनी देने के बाद भी सुधार परिलक्षित नहीं हुआ हो, ऐसे छात्र/छात्राओं को प्रवेश नहीं देने के लिए प्राचार्य अधिकृत होंगे।

9.3 महाविद्यालय में तोड़–फोड़ करने और महाविद्यालय की सम्पत्ति को नष्ट करने वाले/रैगिंग के आरोपी छात्र–छात्राओं को प्राचार्य प्रवेश न देने के लिए अधिकृत है। प्राचार्य इस हेतु कमेटी गठित कर जाँच करवायें एवं जाँच रिपोर्ट के आधार पर प्रवेश निरस्त किया जाये। ऐसे छात्र/छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में प्रवेश न दिया जाये।

9.4 प्रवेश हेतु आयु सीमा :

छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 17–95/2017/38–2 दिनांक 15.08.2021 द्वारा सभी कक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों में आयु सीमा के बंधन को समाप्त किया गया है।

9.5 पूर्णकालिक शासकीय/अशासकीय सेवारत कर्मचारियों को उसकी दैनिक कार्य की अवधि में लगने वाले महाविद्यालय में नियमित प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। दैनिक कर्तव्य अवधि में लगने वाले महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदक द्वारा नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा।

9.6 किसी संकाय में स्नातक उपाधि प्राप्त छात्र/छात्राओं को विधि संकाय को छोड़कर अन्य संकायों के स्नातक पाठ्यक्रम में नियमित प्रवेस की पात्रता नहीं होगी।

9.7 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानानुरूप स्नातक स्तर पर स्वाध्यायी विद्यार्थी को विषम सेमेस्टर (तृतीय/पंचम /सप्तम) में स्थान रिक्त होने पर नियमित प्रवेश दिया जावेगा।

9.8 विदेशी नागरिता अथवा विदेशी विश्वविद्यालय/बोर्ड से उत्तीर्ण विद्यार्थी को प्रवेश प्रदान कनरे के संबंध में यू.जी.सी. द्वारा जारी प्रावधानों/नियमों के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा पात्रता निर्धारण नियमों के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा।

## 10. प्रवेश हेतु गुणानुक्रम का निर्धारण–

10.1 उपलब्ध स्थानों से अधिक आवेदक होने पर प्रवेश गुणानुक्रम से किया जावेगा।

(क) स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक एवं अधिभार देय है, तो अधिभार जोड़कर प्राप्त कुल प्रतिशत अंकों के आधार पर तथा

(ख) विधि स्नातक प्रतम वर्ष में सम्बद्ध विश्वविद्यालय में प्रवेस परीक्षा का प्रावधान हो तो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार होगी।

10.2 अनारक्षित एवं आरक्षित श्रेणी के लिए अलग–अलग गुणानुक्रम सूची तैयारी की जायेगी।

## 11 प्रवेश हेतु प्राथमिकता–

11.1 स्नातक/स्नातकोत्तर/विधि कक्षा में प्रवेश हेतु प्राथमिकता के आधार, अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी।

11.2 स्नातक/स्नोतकोत्तर अगली कक्षाओं में प्राथकिमता का आधार अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण नियमित/उत्तीर्ण भूतपूर्व नियमित /पूर्व सत्र के नियमित/स्वाध्यायी विद्यार्थियों के क्रम में होगा, यद्यपि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानानुसार संचालित 3/4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम अन्तर्गत अगली कक्षाओं/सेमेस्टर में प्रवेश अध्यादेश/विनियम में प्रावधनित नियमानुसार होगा। तथापि प्राथमिकता नियमित/स्वाध्यायी विद्यार्थियों के क्रम में होगा।

11.3 विधि संकाय की अगली कक्षाओं में पूरक छात्रों के पहले उत्तीर्ण, परंतु 48 एग्रीगेट प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जावे, अन्य क्रम यथावत रहेगा।

11.4 स्नातक स्तर के 3/4 वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय में प्रदेश के अन्य स्थानों / तहसीलों/जिलों के निवासरत अथवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आवेदक विद्यार्थियों को भी गुणानुक्रम से प्रवेश दिया जाए।

11.5 किसी एक विषय की स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी को अन्य विषय की स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश महाविद्यालय में स्थान रिक्त रहने की स्थिति में ही दिया जा सकेगा।

## 12. आरक्षण, छत्तीसगढ़ शासन की आरक्षण नीति के अनुरूप निम्नानुसार होगा –

12.1 प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश में सीटों का आरक्षण तता किसी शैक्षणिक संस्था में इसका विस्तार निम्नलिखित रीति से होगा, अर्थात :

(क) अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या में से 32 प्रतिशत सीटें अनसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रहेंगी।

(ख) अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या मे से 12 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित रहेगी।

(ग) अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या में से 14 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित रहेगी। परन्तु जहाँ अनुसूचित जनजातियों के साथ–साथ अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रिक्त सीटों पर भी विपरीत क्रम में पात्र आवेदकों को प्रवेश दिया जायेगा. आरक्षित सीटें पात्र विद्यार्थियों की अनुपलब्धता के कारण अतिम तिथियों पर रिक्त रह जाती है, तो इसे विपरीत क्रम में पात्र विद्यार्थियों में से भरा जायेगा। परन्तु यह और कि पूर्वगामी परंतुक में निर्दिष्ट व्यवस्था के पश्चात भी जहाँ खण्ड (क) (ख) तथा (ग) के अधीन आरक्षित सीटें अंतिम तिथियों पर रिक्त रह जाती है, तो इसे अन्य पात्र विद्यार्थियों से भरा जायेगा।

12.2 (1) बिन्दु क 12.1 के खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अधीन उपलब्ध सीटों का आरक्षण उर्ध्वाधर (वर्टीकल) रूप से अवधारित किया जायेगा।

(2) नि :शक्त व्यक्तियों, महिलाओं, भूतपूर्व कार्मिको/भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बच्चों या व्यक्तियों के अन्य विशे, वर्गों के संबंध में क्षैतिज आरक्षण का प्रतिशत ऐसा होगा, जैसा कि राज्य सरकाार द्वारा समय- समय पर इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अधिसूचित किया जाए तथा यह बिन्दू क्र. 12.1 के खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अधीन यथास्थिति, उर्ध्वाधर आरक्षण के भीतर होगा।

12.3 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पुत्र/पुत्रियों , पौत्र, पौत्रियों और नाती -नातिन के लिये 3 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे। नि :शक्त श्रेणी के आवेदकों के लिए 5 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे।

12.4 सभी वर्गों में उपलब्ध स्थानों में से 30 प्रतिशत स्थान छात्राओं के लिए आरक्षित होंगे।

12.5 आरक्षित श्रेणी का कोई उम्मीदवार अधिक अंक पाने के कारण अनारक्षित श्रेणी ओपन काम्पीटीशन में नियमानुसार मेरिट सूची में रखा जाता है तो आरक्षित श्रेणी की सीटें यथावत अप्रभावित रहेगी, परन्तु यदि ऐसा विद्यार्थी किसी संवर्ग जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदि का भी है तो संवर्ग की यह सीट उस आरक्षित श्रेणी में भरी मानी जावेगी, शेष संवर्ग की सीटें भरी जायेगी।

12.6 आरक्षित स्थान का प्रतिशत 12 से कम आता है तो आरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं होगा तथा यदि 1/2 प्रतिशत एवं एक प्रतिशत आने पर आरक्षित स्थान की संख्या एक होगी।

12.7 जम्मू-कश्मीर विस्थापितों तथा आश्रितों को 5 प्रतिशत तक सीट वृद्धि कर प्रवेश दिया जाए तथा न्यूनतम अंक में 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

12.8 समय-समय पर शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जाये।

12.9 कंडिका 12.1 में दर्शाई गई आरक्षण के प्रावधान माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय के अध्याधीन रहेगा।

12.10 तृतीय लिंग के व्यक्तियों को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस संबध में प्रकरण क्रमांक डब्ल्यू.पी.सी 400/2012 नेशनल लीगल सर्विसेस अथॉरिटी विरूद्द भारत सरकार एवं अन्य में पारित निर्णय दिनांक 15.04.2014 की कंडिका 129 (3) में यह निर्देश दिया गया है कि -"We direct theCentre and the State Government to take Steps to treat them as socially and educaionally backward classes of citizens and extend all kinds of reservation in cases of admission in educational institutions and for public appointments." **का कड़ाई से पालन किया जाये।**

**टीप- अवर सचिव, छ.ग. शासन सामान्य प्रसासन विभाग के पत्र क्र. एफ13-1/2003/आ.प्रा./1-3 नवा रायपुर दिनांक 03.05.य2023 के अनुरूप आरक्षण संबंधी प्रावधान माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्र. 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।**

## 13 अधिभार-

अधिभार मात्र गुणानुक्रम निर्धारण के लि ही प्रदान किया जाएगा। पात्रता प्राप्ति हेतु इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत पर ही अधिभार देय होगा। अधिभार हेतु समस्त प्रमाण पत्र प्रवेश आवेदन पत्र के साथ ही संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात लाये जाने/जमा किये जाने वाले प्रमाण पत्रों पर अधिभार हेतु विचार नहीं किया जाएगा. एक से अदिक अधिभार प्राप्त होने पर मात्र सर्वाधिक अधिभार ही देय होगा।

13.1 एन.सी.सी./एन.एस.एस. स्काउट्स -( स्काउट्स शब्द को स्काउट्स गाइड्स/रेन्जर्स/रोबर्स के अर्थ में पढ़ा जाये।)

| | |
|---|---|
| (क) एन.एस.एस./एन.सी.सी.'' ए ''सर्टिफिकेट | 02 % |
| (ख) एन.एस.एस./एन.सी.सी.''बी '' या द्वितीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट्स | 03 % |
| (ग) एन.सी.सी. सी सर्टिफिकेट या तृतीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट्स | 04 % |
| (घ) राज्य स्तरीय संचालनालयीन एन.सी.सी. प्रतियोगिता में ग्रुप का | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को | 04% | |
| | (ङ) | नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में छ.ग. के एन.सी.सी./एन.एस.एस. कन्टिजेन्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थी को | 05% | |
| | (च) | राज्यपाल स्काउट्स | 05% | |
| | (छ) | राष्ट्रपति स्काउट्स | 10% | |
| | (ज) | छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. कैडेट | 10% | |
| | (झ) | ड्यूक ऑफ एडिन बर्ग अवार्ड प्राप्त एन.सी.सी. कैडेट | 10% | |
| | (ञ) | भारत एवं अन्य राष्ट्रों के मध्य यूत एक्सचेंज प्रोग्राम एन.सी.सी. एन.एस.एस. के तहत चयनित एवं प्रवास करने वाले कैडेट को/अंतर्राष्ट्रीय जम्हूरी के लिए चयनित एवं प्रवास करने वाले विद्यार्थी को | 15% | |
| 13.2 | | ऑनर्स विषय पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण विद्यार्थी को स्नातकोत्तर कक्षा में उसी विषय में प्रवेश लेने पर | 10% | |

**13.3 खेलकूद/साहित्य/सांस्कृतिक/क्विज/रूपांकन प्रतियोगिताएं –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | | लोक शिक्षण संचालनालय अथवा छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अन्तर जिला (संभाग स्तर) अथवा केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित अन्तर/अंचल (संभाग/क्षेत्र स्तर) प्रतियोगिता में | |
| | (क) | प्रतम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त टीम के प्रत्येक सदस्य को | 2% |
| | (ख) | व्यक्तिगत प्रतियोगिता में उपर्युक्त स्थान प्राप्त करने वाले को | 4% |
| (2) | | उपर्युक्त कण्डिाक 13.3 (1) में उल्लेखित विभाग/संचालनालय द्वारा आयोजित अंतर संभाग (राज्य स्तर) अथवा केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित अन्तरक क्षेत्रीय, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए.आई.यू.) द्वारा आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अथवा संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिता में | |
| | (क) | प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त टीम के प्रत्येक सदस्य को | 6% |
| | (ख) | व्यक्तिगत प्रतियोगिता में उपर्युक्त स्थान प्राप्त करने वाले को | 7% |
| | (ग) | संभाग/क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतियोगी को | 5% |
| (3) | | भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित/संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में | |
| | (क) | व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को | 15% |
| | (ख) | प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान अर्जित करने वाली टीम के प्रत्येक सदस्य को | 12% |
| | (ग) | क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतियोगिका को | 10% |
| 13.4 | | भारत एवं अन्य राष्ट्रों के मध्य अथवा साइन्स एवं कल्चर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत् (विज्ञान/सांस्कृतिक/साहित्यिक/कला क्षेत्र में चयनित एवं प्रवास करने वाले दल के प्रत्येक सदस्य को | 10% |
| 13.5 | | छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में | |
| | (क) | छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के प्रत्येक सदस्य को | 10% |

